क्विक हील का साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम शुरू

पुणे, 27 अप्रैल (आ.प्र.)

क्विक हील टेक्नोलॉजीज की सीएसआर शाखा क्विक हील फाउंडेशन (क्यूएचएफ) ने लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध के प्रति जागरूकता फैलाने के लिये जरूरी कदम उठाया है. इस फाउंडेशन ने नुक्कड़ नाटकों की एक श्रृंखला लांच करने के लिए इंदौर सिटी पुलिस और साइबर सेल टीम के साथ सहयोग किया है. फाउंडेशन ने शहर के लोगों में ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जागरुकता फैलाने के लिये अपनी सिग्नेचर पहल 'साइबर सुरक्षा के लिये साइबर शिक्षा' के अंतर्गत यह कदम उठाया है. इस पहल का शुभारंभ 26 अप्रैल को एच.एन. मिश्र, पुलिस आयुक्त द्वारा अनुपमा काटकर, अध्यक्ष, क्यूएचएफ, मनीष कपूरिया, अतिरिक्त सीपी, राजेश हिंगनकूर, अतिरिक्त सीपी मुख्यालय/अपराध की उपस्थिति में किया गया. जाने-माने और प्रोफेशनल कार्यक्रम आयोजक-सिने जगत के योग इवेंट्स इन नाटकों का आयोजन करवाने में फाउंडेशन का सहयोग करेंगे. यह 12 दिनों तक चलने वाला कार्यक्रम है जहां क्विक हील टीम इंदौर शहर के विभिन्न हिस्सों में 112 नुक्कड़ नाटकों का प्रदर्शन करेगी. क्विक हील फाउंडेशन ने नुक्कड़ नाटक को माध्यम के रूप में चुना है क्योंकि यह एक गंभीर मुद्दे को बहुत ही दिलचस्प तरीके से पेश कर सकता है. यह अधिकतम संख्या में लोगों का ध्यान आकर्षित करने में मदद करता है.